## कार्यालय, शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद

आदेश संख्या नियुक्ति(एल0टी0)/ 90 /2016–17 दिनांक 19, दिसम्बर, 2016

### विज्ञप्ति/कार्यालय ज्ञाप

शासन के पत्र संख्या–1142/पन्द्रह–2–2016–34(100)/2011 दिनांक 05 दिसम्बर, 2016 द्वारा प्रदेश में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अर्न्तगत स्वीकृत राजकीय हाई स्कूल तथा अन्य राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (एल0टी0) ग्रेड के पुरूष एव महिला संवर्ग के रिक्त 9342 पदो को भरे जाने की अनुमति प्रदान की गयी है।

शासन से प्राप्त स्वीकृति के सापेक्ष उ0 प्र0 अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली–1983 (यथा संशोधित) में उल्लिखित व्यवस्थानुसार प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विधालयों में सहायक प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (एल0टी0, ग्रेड) पुरूष संवर्ग/महिला संवर्ग, वेतन बैण्ड रू0 9300–34800 ग्रेड पे0 4600 के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु भारत के नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

1– स्नातक वेतनकम के रिक्त पदों का विषयवार/आरक्षणवार/विवरण पुरूष एवं महिला संवर्ग में पृथक–पृथक हैं, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

2– निर्धारित प्रारूप पर ही आन लाइन आवेदन स्वीकार किये जायेगें तथा किसी अन्य माध्यम से प्रेषित आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

3– आन लाइन आवेदन पत्र बेवसाइड www.upseat.in पर दिनांक 26–12–2016 से दिनांक 26–01–2017 की रात्रि 11.59 बजे तक स्वीकार किये जायेगें।

#### पुरूष संवर्ग के रिक्त पदों का विवरण

| क0 सं0 | विषय का नाम | रिक्त पदों की संख्या | सामान्य | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु सूचित जाति | अनु सूचित जन जाति | विकलांगजन | | | भू0पू0 सैनिक | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | दृष्टि बाधित | श्रवण ह्रास | चलन किया बाधित | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | हिन्दी | 573 | 287 | 154 | 120 | 12 | 06 | 07 | 06 | 28 | 12 |
| 2 | अंग्रेजी | 573 | 287 | 154 | 120 | 12 | 05 | 06 | 06 | 29 | 12 |
| 3 | गणित | 438 | 219 | 118 | 92 | 09 | 04 | 04 | 05 | 21 | 09 |
| 4 | विज्ञान | 443 | 221 | 120 | 93 | 09 | 04 | 05 | 04 | 22 | 09 |
| 5 | सामाजिक विज्ञान | 710 | 355 | 192 | 149 | 14 | 07 | 08 | 08 | 36 | 15 |
| 6 | कम्प्यूटर | 773 | 387 | 208 | 162 | 16 | 07 | 07 | 07 | 40 | 16 |
| 7 | उर्दू | 66 | 33 | 18 | 14 | 01 | 00 | 01 | 01 | 03 | 01 |
| 8 | जीव विज्ञान | 281 | 140 | 76 | 59 | 06 | 03 | 03 | 03 | 14 | 06 |
| 9 | संस्कृत | 231 | 115 | 62 | 49 | 05 | 03 | 02 | 02 | 12 | 04 |
| 10 | कला | 195 | 98 | 54 | 40 | 03 | 00 | 03 | 03 | 09 | 03 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | संगीत | 07 | 03 | 02 | 02 | — | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 12 | वाणिज्य | 23 | 11 | 07 | 05 | — | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 |
| 13 | शारीरिक शिक्षा | 131 | 66 | 36 | 27 | 02 | 00 | 00 | 00 | 07 | 02 |
| 14 | गृह विज्ञान | 01 | — | — | 01 | — | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 15 | कृषि | 18 | 09 | 05 | 04 | — | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 |
| | योग | 4463 | 2231 | 1206 | 937 | 89 | 44 | 45 | 45 | 223 | 89 |

## महिला संवर्ग के रिक्त पदों का विवरण

| क0 सं0 | विषय का नाम | रिक्त पदों की संख्या | सामान्य | अन्य पिछडा वर्ग | अनु सूचित जाति | अनु सूचित जन जाति | विकलांगजन | | | भू0पू0 सैनिक | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | दृष्टि बाधित | श्रवण हृास | चलन किया बाधित | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | हिन्दी | 636 | 318 | 172 | 134 | 12 | 06 | 06 | 07 | 32 | 13 |
| 2 | अंग्रेजी | 608 | 304 | 164 | 128 | 12 | 06 | 06 | 07 | 31 | 13 |
| 3 | गणित | 448 | 224 | 121 | 94 | 09 | 05 | 04 | 05 | 23 | 09 |
| 4 | विज्ञान | 456 | 228 | 123 | 96 | 09 | 05 | 04 | 05 | 23 | 10 |
| 5 | सामाजिक विज्ञान | 739 | 369 | 200 | 154 | 16 | 07 | 08 | 08 | 37 | 15 |
| 6 | कम्प्यूटर | 775 | 388 | 209 | 162 | 16 | 07 | 08 | 08 | 39 | 15 |
| 7 | उर्दू | 57 | 28 | 15 | 12 | 02 | 00 | 01 | 01 | 02 | 01 |
| 8 | जीव विज्ञान | 253 | 126 | 68 | 54 | 05 | 03 | 03 | 02 | 13 | 05 |
| 9 | संस्कृत | 234 | 117 | 64 | 49 | 04 | 02 | 03 | 02 | 11 | 04 |
| 10 | कला | 221 | 111 | 60 | 46 | 04 | 00 | 04 | 03 | 11 | 04 |
| 11 | संगीत | 55 | 27 | 15 | 12 | 01 | 02 | 00 | 00 | 02 | 01 |
| 12 | वाणिज्य | 03 | 01 | 01 | 01 | — | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 13 | शारीरिक शिक्षा | 134 | 67 | 37 | 28 | 02 | 00 | 00 | 00 | 06 | 02 |
| 14 | गृह विज्ञान | 260 | 130 | 70 | 55 | 05 | 03 | 03 | 02 | 13 | 05 |
| | योग | 4879 | 2439 | 1318 | 1025 | 97 | 46 | 50 | 50 | 243 | 97 |

4— आयु 01, जुलाई, 2016 को 21 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक न हो। उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा 05 वर्ष शिथिलनीय होगी। भूतपूर्व सैनिकों को सम्पूर्ण सैन्य सेवावधि के अतिरिक्त 03 वर्ष

अधिकतम आयु सीमा में छूट अनुमन्य होगी। आवेदन करने की अन्तिम तिथि तक सेना से मुक्त होना अनिवार्य है। शारीरिक रूप से विकलांग ऐसे अभ्यथियो के लिए आयु सीमा में 15 वर्ष की छूट अनुमन्य है। जिसके लिए शासनादेश दिनांक 13.01.2011 के अनुसार पद चिन्हाकित है।

5— शैक्षिक योग्यता :—

| क्र0सं0 | विषय का नाम | उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली 1983 यथा अद्यतन संशोधित में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत विषयवार शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (हिन्दी) | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में हिन्दी के साथ स्नातक की उपाधि और एक विषय के रूप में संस्कृत के साथ इण्टरमीडिएट अथवा संस्कृत के साथ समकक्ष परीक्षा।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि। |
| 2 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (अंग्रेजी) | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य के साथ स्नातक की उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष उपाधि।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि। |
| 3 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (गणित) | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में गणित के साथ स्नातक की उपाधि।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि। |
| 4 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (विज्ञान) | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विषय के रूप में भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान के साथ स्नातक की उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष उपाधि।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि। |
| 5 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (समाजिक विज्ञान) | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र में से कम से कम किन्दी दो विषयों के साथ स्नातक की उपाधि।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि। |
| 6 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0टेक / बी0ई0 (कम्प्यूटर विज्ञान में), |

| | | |
|---|---|---|
| | (कम्प्यूटर) | अथवा<br>कम्प्यूटर विज्ञान में विज्ञान स्नातक।<br>अथवा<br>कम्प्यूटर अप्लीकेशन में विज्ञान स्नातक।<br>अथवा<br>कम्प्यूटर अप्लीकेशन में स्नातक।<br>अथवा<br>एन0आई0ई0एल0आई0टी0 से "ए" स्तरीय पाठ्यक्रम के साथ स्नातक की उपाधि।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि। |
| 7 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (उर्दू) | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में उर्दू के साथ स्नातक की उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय से समकक्ष उपाधि।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि। |
| 8 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (जीव विज्ञान) | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जन्तु विज्ञान और वनस्पति विज्ञान के साथ स्नातक की उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष उपाधि।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि। |
| 9 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (संस्कृत) | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में संस्कृत के साथ स्नातक की उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय से समकक्ष उपाधि।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि। |
| 10 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (कला) | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कला अथवा ललित कला विषय के साथ स्नातक की उपाधि।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि। |
| 11 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (संगीत) | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में संगीत के साथ स्नातक की उपाधि,<br>अथवा<br>भातखण्डे संगीत महाविद्यालय से संगीत विशारद अथवा प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद से संगीत प्रभाकर के साथ भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि।<br>**<u>टिप्पणी</u>**– संगीत विशारद अथवा संगीत प्रभाकर के लिये कोई गुणवत्ता बिन्दु आवंटित नहीं किये जायेंगे।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक उपाधि। |

| 12 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (वाणिज्य) | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक की उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष उपाधि।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि। |
|---|---|---|
| 13 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (शारीरिक शिक्षा) | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0पी0एड0 अथवा बी0पी0ई0 की उपाधि। |
| 14 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (गृह विज्ञान) | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में गृह विज्ञान के साथ स्नातक की उपाधि।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि। |
| 15 | सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (कृषि / उद्यान कर्म) | (एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि / उद्यान कर्म में स्नातक की उपाधि।<br>(दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि। |

6— उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित वेतनमान, महंगाई भत्ते एवं अन्य भत्ते।

7— अर्हता की तिथि—शैक्षिक अर्हता पूर्ण करने की तिथि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि मानी जाएगी।

8— सीधीभर्ती द्वारा चयन के लिये गुणवत्ता बिन्दु निम्नवत् है :—

| क्रम संख्या | परीक्षा का नाम | गुणवत्ता बिन्दु | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | |
| 1. | हाईस्कूल | अंको का प्रतिशत / 10 | | |
| 2. | इण्टरमीडिएट | अंको का प्रतिशत X 2 / 10 | | |
| 3. | स्नातक उपाधि | अंको का प्रतिशत X 4 / 10 | | |
| 4. | प्रशिक्षण (क) सैद्धान्तिक | प्रथम श्रेणी | द्वितीय श्रेणी | तृतीय श्रेणी |
| | | 12 | 06 | 03 |
| | (ख) क्रियात्मक | 12 | 06 | 03 |

9— आवेदन शुल्क सामान्य एवं पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों के लिये रूपये—100 / — तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के लिये रूपया—40 / —तथा विकलांगजनों को कोई भी फीस देय न होगी।

10– आवेदन पत्र का प्रारूप बेवसाइड www.upseat.in पर उपलब्ध है, आवेदन पत्र दिनांक 26–12–2016 से दिनांक 26–01–2017 की रात्रि 11:59 तक किये जायेंगे परन्तु आवेदन शुल्क दिनांक 23–01–2017 तक अवश्य जमा कर दें, अभ्यर्थी इसी बेवसाइड पर शुल्क एवं अन्य विवरणों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।

भवदीय

( रमेश)
अपर शिक्षा निदेशक(माध्यमिक)
शिक्षा निदेशालय,उ0 प्र0
इलाहाबाद।

पृष्ठाकन संख्या नियुक्ति (एल0टी0)/ 2385–2479 /2016–17 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– संयुक्त सचिव, उ0 प्र0 शासन, शिक्षा (2) अनुभाग, लखनऊ।
2– मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक उ0 प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रस्तुत आदेश /विज्ञाप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायें।
3– गार्ड पत्रावली ।

( रमेश)
अपर शिक्षा निदेशक(माध्यमिक)
शिक्षा निदेशालय,उ0 प्र0
इलाहाबाद।

निर्देशः—

1— आरक्षण प्रमाण—पत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो, मान्य होगा ।

2—यदि आवेदक शैक्षिक योग्यता के आधार पर एक से अधिक विषयों में आवेदन करने हेतु अर्ह हो तो अलग— अलग आवेदन करना होगा, जिसके लिए आवेदन शुल्क की धनराशि अलग—अलग देय होगी ।